( हिंदी सप्ताह गतिविधि )

2021 जुलाई माह में दिनांक 24/7/21-27/721 तक हिंदी विभाग द्वारा हिंदी भाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । गतिविधि आयोजन का मूल उद्देश्य हिंदी भाषा -संवर्धन के साथ-साथ हिंदी के अध्ययन को रोचकपूर्ण बनाना था ।
आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

कक्षा-छ -- रसना - कुंडलाभ

कक्षा-सात- मुहावरों को चित्र द्वारा प्रदर्शित करना व उनकी पहचान करना

कक्षा-आठ-किसी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के व्यक्तित्व को एकालाप (स्वगत भाषण) द्वारा अभिव्यक्त करना

कक्षा-नौ-कबीर व रहीम के दोहों पर आधारित अंताक्षरी

कक्षा-दस - वाद-विवाद (कोरोना महामारी पर नियंत्रण किसकी जिम्मेदारी)

गतिविधि का आयोजन उद्देश्यपूर्ण रहा । सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण ढंग से भाग लिया।अधिकतर विद्यार्थी इस प्रकार के

आयोजन से पूर्णतः सहमत थे । कुछ विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणा देने वाली थी।

हिंदी - विभाग भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करने के लिए सर्वदा उत्साहित व कटिबद्ध है । विभाग आभारी है आदरणीय प्रधानाचार्या व उप प्रधानाचार्या जी का जिनके महत्वपूर्ण परामर्शों तथा निर्देशों से हिंदी भाषा गतिविधि सफल रही ।

श्रीमती पूनम साहा
विषय-प्रभारी
(हिंदी -विभाग)